दिन– सोमवार दिनांक– 25/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अंठानवे प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हुए।

02. केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कम से कम सत्तर प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण कराने का निर्देश दिया।

03. झारखंड और राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के चलते पटना, नालंदा, जहानाबाद और गयाजी जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई।

04. और, पटना, वैशाली, नालंदा और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में देर रात से हो रही है बारिश। गया, नवादा और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अंठानवे प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने कहा कि दावा और आपत्ति कराने के लिए सात दिन शेष हैं। इस अवधि में मतदाता सूची पर दावे और आपत्ति दर्ज कराने के साथ–साथ अपने ऐसे दस्तावेज भी जमा करा सकते हैं जो उन्होंने गणना प्रपत्र भरते समय नहीं दिए थे। इधर, आयोग ने कहा कि अभियान के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख इक्कीस हजार एक सौ तैंतालीस** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से बारह **हजार पांच सौ बावन** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **तीन लाख अट्ठाईस हजार** से अधिक आवेदन मिले हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकतंत्र तभी फलता–फूलता है, जब संसद और विधानसभाओं में विवेक, चर्चा और विधि सम्मत नियमों का पालन किया जाता है। श्री शाह दिल्ली विधानसभा में दो दिन के अखिल भारतीय विधानसभा अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब लोग व्यक्तिगत हितों से ऊपर

उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानेंगे, तभी लोकतंत्र अपने उच्चतम और गरिमामयी शिखर पर पहुंचेगा।

———बाइट———

अपने राजनीतिक सीटों के लिए संसद और विधानसभाओं में कुछ चलने ही नहीं देना ये वाद—विवाद नहीं, विरोध संयमपूर्ण होना चाहिए। प्रतीकात्मक विरोध का अपना स्थान मगर विरोध करने के बहाने दिनों—दिनों तक पूरे—पूरे सत्र तक सदन को चलने नहीं देना यह जो परंपराएं हो रही है इस पर देश में कभी ना कभी विचार करना पड़ेगा देश की जनता ने भी विचार करना पड़ेगा। चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने भी क्योंकि जब चर्चा समाप्त हो जाती है तो सदन का देश के विकास में योगदान ही बहुत कम रह जाता है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कम से कम सत्तर प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण कराने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के आलोक में केंद्र ने इसे बाध्यकारी बनाकर राज्यों की जवाबदेही तय कर दी है। प्रत्येक राज्य को हर महीने अपनी प्रगति रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिये गये हैं। नसबंदी और टीकाकरण पर प्रति कुत्ता आठ सौ रुपये और प्रति बिल्ली छह सौ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा बड़े शहरों में फीडिंग जोन, रेबीज नियंत्रण इकाई बनाने और आश्रय स्थल के उन्नयन के लिए पंद्रह लाख रुपये से लेकर सत्ताईस लाख रुपये तक की सहायता भी दी जाएगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रखंड स्तर पर तीन सौ सब्जी हाटों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि प्रखंड स्तर पर गठित प्राथमिक समितियों में दस हजार वर्ग फीट भूमि पर अत्याधुनिक सब्जी हाट का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिला सहाकारिता पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

———————————————————————

बिहार में जीविका दीदियों के जीविकोपार्जन मॉडल के सफल प्रयोग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, फिलिपीन्स, इथोपिया, श्रीलंका और केन्या समेत कई देशों ने इस मॉडल को अपने देश में लागू करने में अभिरूचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि इन देशों के प्रतिनिधियों ने अलग—अलग जिलों में जीविका दीदियों से मुलाकात कर उनके रोजगार शुरू करने के मॉडल को देखा और

समझा है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदी की पौधशाला, दीदी की रसोई और पशुपालन के मॉडल को अपनाने में कई देशों ने रूचि दिखाई है।

---

शिक्षा विभाग ने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्ताकालय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सभी जिलों से रिक्तियों का आकलन कर भेजने को कहा है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिक्ति मिलने तथा रोस्टर क्लीयर कराने के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी पत्र भेजकर पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए पात्रता परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया है।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कल आईआईटी पटना के बारहवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री प्रधान एक हजार तीन सौ बीस छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान करेंगे। समारोह में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी शामिल होंगे। श्री प्रधान का भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल होने का कार्यक्रम है।

---

पटना, वैशाली, नालंदा और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में देर रात से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पटना में आज सुबह मूसलाधार बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज गया, नवादा और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

झारखंड और राज्य के दक्षिणी हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते कई छोटी–बड़ी नदियां उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के धनरूआ प्रखंड से होकर गुजरने वाली कररूआ, भूतही और महात्माईन नदी का पानी निचले इलाकों में फैल गया है।

———रिपोर्ट———

दनियावां के जीवनचक और चकरज्जा के बीच फल्गु की सहायक महात्माईन नदी का पूर्वी तटबंध टूट जाने से सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल डूब गयी है। धनरूआ में अरमल से चकरमल के बीच छह जगहों पर कररूआ और भूतही नदी का पानी गांवों में घूस गया है। अतापुर के पास भी तटबंध टूट गया है, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। बहरामपुर, विजयपुरा, पेड़ा और छाती पंचायत के अमरपुरा, सिमहारी, पिपरामा, नसरतपुर और रसलपुर सहित दो दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन की ओर से राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं, क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मती भी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, नालंदा से हमारे संवादाता ने बताया कि लोकाईन नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———रिपोर्ट———

जिले के एकंगरसराय से होकर गुजरने वाली लोकाईन नदी का उफान थमने के बाद भी सत्रह गांव बाढ़ की चपेट में हैं। दस हजार से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। कई गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गयी है। इधर, एकंगरसराय–जहानाबाद मुख्य मार्ग पर वाहनों का परिचालन बहाल हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

जहानाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया कि दरधा नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है।

———रिपोर्ट———

दरधा नदी में उफान से घोसी प्रखंड के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। जाफरगंज पुलिया पर पानी का बहाव हो रहा है। घोसी प्रखंड मुख्यालय से खिरौटी, बंधुगंज, कोरमा, शाहपुर, गंधारमठ जाने वाली मुख्य सड़क टूट जाने से आवागमन बाधित हुआ है। मोदनगंज प्रखंड के करूआ गांव के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसके चलते आधा दर्जन गांवों का सड़क संपर्क भंग हो गया है। बाढ़ के पानी से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

इधर, गयाजी जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

---

पटना के बिहटा स्थित अमनाबाद सोन क्षेत्र में पुलिस और बालू माफिया के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान अपराधियों ने पुलिस पर कई राउंड फायरिंग की। पुलिस ने इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एके सैंतालीस राईफल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया गया।

---

दरभंगा जिले के धनश्यामपुर क्षेत्र में कमला नदी में डूबने से चार बच्चियों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए सभी मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। इधर, किशनगंज जिले के दिघल बैंक प्रखंड क्षेत्र के आठगछिया गांव में बूढ़ी कनकई

नदी पार करने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। दूसरी तरफ, भागलपुर जिले के रंगरा थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर में एक पानी भरे गड्ढ़े में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गयी।

---

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन पर पर एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के भेंडा गांव के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए एक युवक को रिश्वत लेकर छोड़ने के आरोप में दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के पताही के देवापुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ दो लोगों की गिरफ्तारी हुयी है।

---

पूर्णिया जिले के गांधी नगर थाना क्षेत्र के रामपुरतिलक पंचायत में अपराधियों ने एक युवक की पीट–पीट कर हत्या कर दी।

---

मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र के माखन टोला से पुलिस ने एक तस्कर को भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पटना रेलवे जंक्शन के पास से पश्चिम बंगाल एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने तीन करोड़ रुपये मूल्य के सोना की लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – भूमि अधिग्रहण में किसानों से एक हजार करोड़ की हकमारी। राजस्व विभाग अब कमियां दूर करने में जुटा। **दैनिक जागरण** लिखता है – एसआईआर में बदल गया बड़ी संख्या में पति–पत्नी का बूथ। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – गगनयान मिशन, भारत की बड़ी छलांग, पहला एयर ड्रॉप टेस्ट सफल। भारत अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर सुरक्षित ला सकता है वापस। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – ट्रंप के पचास प्रतिशत टैरिफ के अड़तालीस घंटे बाकी, भारत सख्त, हितों से समझौता नहीं। **राष्ट्रीय सहारा** ने लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – पैंसठ लाख कटे नामों में एक भी भाजपा का नहीं। **आज अखबार** की सुर्खी है – गिनी की पटरियों पर दौड़ने के लिए मढ़ौरा कारखाने से रेल इंजन रवाना।

---

और, अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अंठानवे प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हुए।

02. केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कम से कम सत्तर प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण कराने का निर्देश दिया।

03. झारखंड और राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के चलते पटना, नालंदा, जहानाबाद और गयाजी जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई।

04. और, पटना, वैशाली, नालंदा और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में देर रात से हो रही है बारिश। गया, नवादा और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।